## Statement regarding National Sports Governance Bill and National Anti-Doping (Amendment) Bill

संसदीय कार्य मंत्री**;** तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री **(**श्री किरेन रिजिजू**) :** सर, आज मैं इस सदन में जो हालत देख रहा हूं, उसे देखकर मैं मन से बहुत दु:खी हूं । ? (व्यवधान) सभी पार्टियों ने मिलकर, आज जो बहुत ही महत्वपूर्ण नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल और नेशनल एंटी डोपिंग (अमेंडमेंट) बिल है, इस पर चर्चा करके इसे पारित करने के लिए समय तय किया था । ? (व्यवधान) हमने भी ऑपोजीशन की मांग पर इन दो महत्वपूर्ण बिल्स पर दो दिनों की चर्चा के लिए तय किया था । ? (व्यवधान) इसे सबने माना था, पर इसके बावजूद भी आज जब देश में खेल और खिलाड़ियों के लिए इतने महत्वपूर्ण बिल को लेकर सरकार आयी है, तो विपक्ष के सारे मेम्बर्स इस तरह से हंगामा करके बिल पर चर्चा होने पर रोक लगा रहे हैं, यह ठीक नहीं है । ? (व्यवधान) आपकी यह हरकत हमारे देश के युवाओं के खिलाफ माना जाएगा । ? (व्यवधान) आप लोगों ने पहले कहा था कि स्पोर्ट्स बिल इम्पॉर्टेन्ट है, स्पोर्ट्स पर चर्चा करने के लिए सबने एग्री किया था, फिर यह हंगामा क्यों कर रहे हैं? ? (व्यवधान)

सर, मैं फिर से अपील करना चाहता हूं कि जो ऑल-पार्टी मीटिंग में हमने तय किया, बिजनेस एडवाइज़री कमेटी में टाइम एलॉट किया गया, उसको फिर यहां इस सदन में आकर इस तरह से हंगामा करके बर्बाद न करें । ? (व्यवधान) स्पोर्ट्स मिनिस्टर बिल पर चर्चा करने के लिए रेडी हैं और आप लोगों की तरफ से ही पहले इस पर बोलना है । ? (व्यवधान) मुख्य ऑपोजीशन पार्टी कांग्रेस पार्टी की तरफ से ही पहले इस पर बोलना है । ? (व्यवधान) आप लोग अपनी बात तो नहीं कह रहे हैं और आप बाकी मेम्बर्स का टाइम भी खराब कर रहे हैं । ? (व्यवधान)

सर, मैं इसका खंडन करना चाहता हूं । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** ज्योति जी, अमर जी, माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी ने कहा कि नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल, 2025 और द नेशनल एंटी डोपिंग (अमेंडमेंट) बिल, 2025, इन दोनों महत्वपूर्ण बिल्स पर बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में आपने दो दिनों की चर्चा के लिए सहमति दी थी ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** जब भारत सरकार 129 सालों में पहली बार वर्ष 2036 के ओलम्पिक के लिए बिड करने जा रही है, तो देश के खिलाड़ियों के लिए, देश में खेल के लिए, इससे महत्वपूर्ण बिल कोई हो नहीं सकता ।

? (व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON :** Shrimati Satabdi Roy Banerjee, you are a very senior Member.

? (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON:** I will request you to kindly ask Shri Kalyan Banerjee to at least take his seat.

? (*Interruptions*)

माननीय सभापति**:** आज संसदीय कार्य मंत्री जी आपसे क्या अपील कर रहे हैं? बर्वे जी, हम चर्चा कर रहे हैं । आप अपनी चेयर पर जाइए ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति**:** हमारे तमिलनाडु के भी कुछ साथियों ने सुश्री आर. सुधा जी के बारे में बात कही थी । आज सुबह हमारे माननीय सदस्या आर. सुधा जी माननीय अध्यक्ष जी से मिली थीं । अध्यक्ष जी ने तुरंत कार्रवाई के लिए आदेश दिए हैं । उन्होंने इसका संज्ञान लिया है । उन्होंने दिल्ली पुलिस को सख्त कार्रवाई के लिए आदेश दिया है, लेकिन मैं एक बात कह देना चाहता हूं ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति**:** ज्योति जी, श्यामकुमार दौलत बर्वे जी, मैं आपसे कहना चाहता हूं । मैं सभी सदस्यों से कहना चाहता हूं ।

हैबी ईडन साहब, माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी स्पोर्ट्स पर अपील कर रहे हैं । मनसुख मांडविया जी, क्या आप कुछ कहना चाहते हैं?

? (व्यवधान)

श्रम और रोजगार मंत्री तथा युवक कार्यक्रम और खेल मंत्री **(**डॉ**.** मनसुख मांडविया**):** माननीय सभापति महोदय, स्पोर्ट गवर्नेंस बिल वह बहुत महत्वपूर्ण बिल है, जो सालों से लंबित है और इंटरनेशनल ओलंपिक काउन्सिल के साथ अलाइन होना है । ? (व्यवधान) यह बहुत आवश्यक होता है । गुड गवर्नेंस के लिए स्पोर्ट बिल का महत्व है । सम्मानीय हाई कोर्ट ने भी बार-बार कहा है कि स्पोर्ट्स में गुड गवर्नेंस के लिए एक लॉ बनाना चाहिए । गुड गवर्नेंस से देश के स्पोर्ट्स फेडरेशन में एक अच्छी इको-सिस्टम क्रिएट हो सकती है । इसलिए, मैं आपके माध्यम से सम्माननीय सदस्यों से रिक्वेस्ट करता हूं कि इस महत्वपूर्ण बिल को चर्चा में लें और इसको पारित करें । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति**:** माननीय खेल मंत्री जी ने भी अपील किया है । आज कोर्ट का भी आदेश है कि हम ओलंपिक कराने के लिए इस बिल पर चर्चा करें । हमारे भारत के चाहे एंटी डोपिंग हो या स्पोर्ट्स गवर्नेंस का बिल हो, इनको हम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ले जाना चाहते हैं । क्या आप इस बिल पर चर्चा नहीं करना चाहते हैं? जब माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी ने कह दिया कि इस बिल पर चर्चा के लिए बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में तय हुआ है । उसके बाद दो दिन का समय दिया गया । माननीय खेल मंत्री जी अपील कर रहे हैं ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति**:** जब से सदन चल रहा है, लोक सभा चला है, पूरा देश आपको देख रहा है । अभी तक एक बिल भी पारित नहीं हुआ है । आप देश की जनता के लिए, कानून बनाने के लिए चुन कर आए हैं । आप ऐसे ही नहीं आए हैं ।

? (व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON:** You have been elected to make legislations on the floor of the House, but right from day one आज तक एक बिल भी नहीं पास हुआ है । देश की जनता आपको देख रही हैं । देश की जनता विपक्ष के सांसदों या किसी जन प्रतिनिधि को चुन कर भेजती हैं कि वे देश की पार्लियामेंट में कानून बनाएंगे । मैं आपसे आग्रह करता हूं । आज सदन में यह तीसरा सप्ताह शुरू हो गया । यह थर्ड वीक है । इस थर्ड वीक में भी कोई बिल पारित नहीं हुआ है । देश की पूरी जनता आप सभी को देख रही हैं । जनता सदन में कानून बनाने के लिए आपको चुन कर भेजती  हैं । यहां कानून बनाने के बजाए आप सदन को बाधित कर रहे हैं । आप सदन में शोरगुल कर रहे हैं ।

? (व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON:** Shri Kalyan Banerjee, what for have you been elected?

? (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON:** It is your responsibility to participate in debates and make legislations.

? (*Interruptions*)

माननीय सभापति**:** माननीय सदस्यगण, इस तरह से सदन नहीं चलेगा । आप माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी की अपील नहीं मान रहे हैं । आप स्पोर्ट्स मिनिस्टर की बात नहीं मान रहे हैं । आप देश के लाखों खिलाड़ियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं । क्या ऐसी स्थिति में चर्चा संभव हैं? मैं आपसे फिर अपील करता हूं ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 5 अगस्त, 2025 को प्रातः 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

**14.14 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock*

*on Tuesday, August 5, 2025/Sravana 14, 1947 (Saka).*

________